Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for development of various tourist centres in the State.

श्री मंजय लाल (समस्तीपुर) : महोदय, पुरातन काल से धार्मिक, ऐतिहासिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में बिहार का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। राजधानी पाटलिपुत्र, शिक्षा केन्द्र नालन्दा, वैशाली, वाणावर (जिला जहानाबाद), बोद्धगया, राजगीर, भीमबांध, ककोलत (ठंडे पानी का स्रोत) एवं अन्य स्थान अत्यंत दर्शनीय होने के साथ-साथ अपने ऐतिहासिक महत्व के कारण देश के व विदेशों से आने वाले पर्यटकों के लिए विशेा आर्काण का केन्द्र रहे हैं। परन्तु इन पर्यटन केन्द्रों के विकास एवं इनकी समुचित देख-रेख के अभाव तथा पर्यटकों के लिए आवासीय एवं परिवहन संबंधी सुविधाओं के अभाव में इन पर्यटन केन्द्रों की महता को गहरा धक्का लगा है। इसके साथ ही प्रदेश को पर्यटन क्षेत्र से प्राप्त होने वाले राजस्व की भी भारी हानि उठानी पड़ रही है।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिहार के इन विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्रों के समुचित विकास हेतु शीघ्र ही आवश्यक बजटीय राशि का प्रावधान कर यह सुनिश्चित करें कि बिहार प्रदेश में पर्यटन व्यवसाय की प्रगति अवरूद्ध न हो।